झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–28.09.2018

- **दिसंबर 2018 से शुरू होगा केरेडारी में बाईपास रोड का निर्माण, जुलाई 2019 तक कार्य हो जाएगा पूरा : मुख्यमंत्री**
- **02 अक्टूबर 2018 को स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत हजारीबाग जिला को उत्कृष्ट कार्य पुरस्कार मिलेगा**

केरेडारी,हजारीबाग/रांची- मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि शासन और सरकार के बीच कोई दीवार नहीं होनी चाहिए. पिछले 4 वर्षों में केंद्र एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय बनाकर पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का कार्य किया है. सरकार सीधे जनता से संवाद कर रही है. शासन से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो रही है. जनता दरबार में लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांव, गरीब और किसान के सर्वांगीण विकास के लिए कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं. हजारीबाग जिले के केरेडारी में बाईपास रोड का निर्माण के जनता की मांग पर मुख्यमंत्री ने त्वरित निर्णय लेते हुए केरेडारी में दिसंबर 2018 से बाईपास रोड के निर्माण किए जाने की घोषणा की. उन्होंने जुलाई 2019 तक बाईपास रोड का निर्माण पूर्ण हो सके इस पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग को दिया. मुख्यमंत्री आज प्रखंड कार्यालय परिसर केरेडारी जिला हजारीबाग में आयोजित "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम चौपाल को संबोधित कर रहे थे.

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि हम सभी को मिलकर पूरे राज्य में स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप देना है. तभी 2 अक्टूबर 2018 तक पूरा राज्य स्वच्छ हो सकेगा. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए हम सबों को साफ सफाई के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है. सभी लोगों के अथक प्रयास से ही हम स्वच्छ एवं स्वस्थ

झारखंड का निर्माण कर सकेंगे. स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य को पूरा करने में पूरे राज्य की जल सहिया,महिला स्वयं सहायता समूह , आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका का महत्वपूर्ण भूमिका है. हमारा राज्य 4 वर्ष पूर्व मात्र 16 प्रतिशत खुले में शौच से मुक्त था आज 96 प्रतिशत ODF हो चुका है। यह उछाल राज्य की स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वच्छता अपनाने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हजारीबाग जिला भी स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत अच्छा कार्य किया है.02 अक्टूबर 2018 को स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत हजारीबाग जिला को उत्कृष्ट कार्य का पुरस्कार भी मिलेगा. मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य की इस प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम सामने आएगा और हम स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करेंगे। शौचालय के निर्माण कार्य में राज्य की रानी मिस्त्रीओं ने पूरे देश में राज्य का मान बढ़ाया है. स्वच्छ झारखण्ड के सपने को पूरा करने के लिए सरकार और समाज के साथ चलना होगा। स्वच्छता ही सेवा के मंत्र को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने का आह्वान किया.

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के उन्नयन को लेकर कल्याणकारी योजनाओं को पूरे देश में चलाया. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने महिलाओं के समस्या को समझते हुए पूरे देश में उज्जवला योजना के तहत एलपीजी गैस सिलेंडर निशुल्क उपलब्ध कराने की योजना बनाई. झारखंड में भी उज्जवला योजना को मिशन मोड में चलाया जा रहा है. झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां पर एलपीजी गैस के साथ-साथ चूल्हा एवं पहली रिफलिंग निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है. केंद्र एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय स्थापित कर करोड़ों वंचित, शोषित, गरीब के जिंदगी में बदलाव लाने के उद्देश्य से प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का संचालन कर रही है. योजनाओं का संचालन धरातल पर उतर सके इस उद्देश्य से राज्य सरकार ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर जनता दरबार के माध्यम से सीधे जनता से संवाद कर रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 तक समृद्ध झारखंड का निर्माण करना है. राज्य के किसान खुशहाल हो इस हेतु सरकार द्वारा कृषि उत्पाद के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की गई है. कृषि के साथ-साथ पशुधन एवं बागवानी के क्षेत्र में भी रोजगार को बढ़ाया जा रहा है.

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि अब ग़रीबी इलाज में बाधा नहीं बनेगी, ग़रीब भी सम्मान के साथ अपना इलाज करा पाएँगे। देशभर में आयुष्मान भारत योजना के तहत ग़रीबों का 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कराया गया है। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत झारखंड से हुई है. इस योजना से देश की लगभग पचास करोड़ की आबादी को लाभ होगा। अब लोगों को इलाज में एक पैसा ख़र्च नहीं करना पड़ेगा, सरकार लोगों का मुफ़्त में इलाज करवाएगी। झारखंड सरकार द्वारा भी इस योजना को प्रतिबद्धता के साथ राज्य के सभी सरकारी अस्पताल एवं सूचीबद्ध गैर सरकारी अस्पतालों में भी लागू किया गया है.

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि हजारीबाग जिले में विस्थापितों के प्रति सरकार का पूरा फोकस है. विस्थापितों को उचित मुआवजा एवं रहने के लिए आवास उपलब्ध हो इस हेतु सरकार एनटीपीसी, सीसीएल एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही है. उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण से संबंधित मामले का निपटारा जल्द से जल्द करें. ग्रामीणों के साथ बैठक कर जमीन अधिग्रहण से संबंधित राशि का भुगतान त्वरित गति से हो. केरेडारी क्षेत्र में सड़क पानी, बिजली, शिक्षा इत्यादि सर्वांगीण विकास के लिए एनटीपीसी, सीसीएल, पथ निर्माण विभाग एवं उपायुक्त हजारीबाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें.

मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारीबाग जिला प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण जिला है. इन प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग कर हजारीबाग जिले को समृद्ध बनाया जा सकेगा. प्राकृतिक संपदाओं से रॉयल्टी के रूप में प्राप्त राशि को जिले के सर्वांगीण विकास हेतु खर्च करें. पानी और बिजली घर घर तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि रॉयल्टी से प्राप्त राशि को पानी और बिजली में खर्च करें. उन्होंने कहा कि कोयला माफिया और बिचोलीया से सावधान रहने की जरुरत है. कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं. ऐसे लोगों को चिन्हित करें. हजारीबाग जिले को माफियाओं एवं बिचौलियों से मुक्त करना है. कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है. किसी भी काम को कानून के दायरे में रहकर ही करना चाहिए.

इस अवसर महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं जल सहिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभवों को साझा किया एवं अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती संगम देवी को मुख्यमंत्री ने समाज के हित में कार्य करने हेतु 50000 रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की.

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जयंत सिन्हा, राजस्व सचिव श्री के के सोन, सी सी एल सीएमडी श्री गोपाल सिंह, उपायुक्त हजारीबाग, पूर्व विधायक श्री लोकनाथ महतो, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य, जल सहिया, आंगनवाड़ी कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

================

TeamPRD(CMO/हजारीबाग)